Bareilly, Monday,
28 August 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 6 : MIDDLE

भरतनाट्यम की प्रस्तुति से मोह लिया मन

एसआरएमएस रिद्धिमा में गुरु अंबाली प्रहराज के निर्देशन में अद्भुत प्रदर्शन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (27 Aug): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को भारत की प्राचीन नृत्य शैली भरतनाट्यम पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी. गुरु अंबाली प्रहराज के निर्देशन में सभी ने अद्भुत प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का आरंभ शिवस्तोत्र और गणेश वंदना से हुआ. विद्यार्थियों ने कई तरह की मुद्राओं में भरतनाट्यम के तकनीकी पक्ष को उभारते हुए अभिनय और नृत्य किया. भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज ने भरतनाट्यम के बारे में जानकारी दी.

जीत लिया दिल

उन्होंने बताया कि कैसे मंदिरों में देवदासी के माध्यम से आरंभ हुई और इसने दासीअट्टम नाम पाया. समय अंतराल के साथ यह समाज में स्वीकृत हुई और भरतनाट्यम के रूप में सुविख्यात भी. विद्यार्थियों की

नृत्य शैली का विवरण देने के साथ उन्होंने भरतनाट्यम की विकास यात्रा का भी वर्णन किया. इसके अलावा उन्होंने बताया कि भरतनाट्यम को आधुनिक रूप देने का श्रेय तमिलनाडु की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना ई कृष्णा अय्यर और रुक्मणी देवी को जाता है. भरतनाट्यम के विद्यार्थी सताक्षी, मायरा, तानिशी, काव्या, भाव्या, संस्कृति, आद्या, शाम्भवी ने कोलकता से आए अतिथि सुकुमार कुट्टी के स्वर और मलय कुमार डे के मृदंगम पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर गुरुओं के साथ उपस्थित दर्शकों की दिल जीत लिया. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति आदि उपस्थित रहे.